दिल्ली नगर निगम
राजभाषा विभाग
21वां तल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेन्टर
मिन्टो रोड, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली–110002.

क्रमांक डी/सहा0आयुक्त/राजभाषा/2025/ड़ी-113 दिनांक 11-08-2025

## शुद्धिपत्र

**विषयः दिनांक 22.08.2025 को मुख्यालय में हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता (समग्र) के आयोजन के संदर्भ में।**

अपरिहार्य कारणवश दिनांक 21.08.2025 के स्थान पर अब **दिनांक 22.08.2025** को हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता (समग्र) का आयोजन अरूणा आसफ अली सभागार, ए–ब्लॉक, चतुर्थ तल, सिविक सेन्टर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का विवरण निम्नलिखित हैं:–

| प्रतियोगिता | समय | योग्यता |
|---|---|---|
| हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता (समग्र) | 11:00 से 01:00 बजे तक | निगम में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक वर्ग एवं अनुबंधित कर्मचारी भाग ले सकते हैं। |

प्रतियोगिता के लिए नकद पुरस्कारों का विवरण इस प्रकार है :–

Admin Officer (IT) Dy No 838 No 11/08/25 I.T. Deptt. Municipal Corporation of Delhi

| क.सं | पुरस्कार की श्रेणी | प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम पुरस्कार | 4000/–रुपये |
| 2. | द्वितीय पुरस्कार | 3000/–रुपये |
| 3. | तृतीय पुरस्कार | 2000/–रुपये |
| 4. | पांच प्रोत्साहन पुरस्कार | 800/–रुपये प्रत्येक |

इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों से निवेदन है कि संलग्न नियमावली को भली–प्रकार पढ़कर अपना आवेदन अनुभाग अधिकारी, राजभाषा विभाग, 21 वां तल, सिविक सेन्टर या **ई–मेल आईडी ddobhashamcd@gmail.com** पर या व्हाट्सअप नम्बर **9811619064** पर दिनांक 21.08.2025 तक अवश्य भेज दें। सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि कृपया अपने विभाग के कार्मिकों को इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित कर अनुमति प्रदान करें। प्रतियोगिता में न्यूनतम 80 प्रतिशत या अधिक अंक लाने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पंत्र देकर **'राजभाषा दूत'** की उपाधि से सम्मानित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए राजभाषा विभाग, दिल्ली नगर निगम से संपर्क कर सकते हैं।

नीरज कुमार
**सहायक आयुक्त (भाषा)**

**सूचनार्थ वितरणः–**

1. महापौर महोदय, निजी सचिव के माध्यम से
2. आयुक्त महोदय, निजी सचिव के माध्यम से
3. अति0 आयुक्त–भाषा
4. सभी क्षेत्रीय उपायुक्त
5. सभी विभागाध्यक्ष
6. निदेशक (सूचना एवं प्रौद्योगिकी)– दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए

Subodh

नीरज कुमार
**सहायक आयुक्त (भाषा)**